सोमवार
27 अप्रैल, 2026

# अपना नालन्दा

अपना शहर, अपना खबर






वर्ष 2, अंक 83 | नालंदा का नंबर - 1 डिजिटल अखबार
www.apnanalanda.com


## वाहन जांच के दौरान भारी मात्रा में हथियार और कारतूस बरामद



हिलसा (अपना नालंदा)। नालंदा पुलिस को अवैध हथियार बरामदगी मामले में बड़ी सफलता मिली है। हिलसा थाना क्षेत्र में चलाए जा रहे विशेष वाहन जांच अभियान के दौरान पुलिस ने दो अपराधियों को गिरफ्तार कर उनके पास से भारी मात्रा में अवैध आग्नेयास्त्र और कारतूस बरामद किए हैं।

रविवार को हिलसा थाना परिसर में आयोजित प्रेस वार्ता में एएसपी शैलजा ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर क्षेत्र में सघन वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान गुप्त सूचना मिलने पर अपर थानाध्यक्ष राकेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने बुढ़वा महादेव स्थान के पास एक केटीएम बाइक पर सवार दो संदिग्ध युवकों को रोका।

तलाशी के दौरान दोनों युवकों के पास से तीन देशी कट्टा, .315 बोर के 23 कारतूस, 7.65 बोर के 20 कारतूस, दो मोबाइल फोन तथा एक बाइक बरामद की गई। बरामदगी के बाद दोनों आरोपियों को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान खोरमपुर गांव निवासी हर्ष राज और सैदनपुर गांव निवासी प्रदीप कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने इस मामले में हिलसा थाना कांड संख्या 310/26 दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

एएसपी ने बताया कि पुलिस आरोपियों के आपराधिक इतिहास और हथियार तस्करी नेटवर्क की गहन जांच कर रही है। छापेमारी दल में अपर थानाध्यक्ष राकेश कुमार, दीपक कुमार, अरुण कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

## राजगीर डाक सम्मेलन में बिहार को देशभर में अव्वल बनाने का संकल्प लिया गया




संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। भारतीय डाक विभाग के बिहार परिमंडल द्वारा नालंदा विश्वविद्यालय स्थित सुषमा स्वराज सभागार में वार्षिक बिजनेस सम्मेलन 2026-27 आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बिहार के चीफ पोस्टमास्टर जनरल एम. यू. अब्दाली ने की। सम्मेलन में बिहार के सभी मंडल एवं अनुमंडल प्रमुखों ने भाग लिया।

सम्मेलन में पिछले वित्तीय वर्ष में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। मुख्य डाक महाध्यक्ष एम. यू. अब्दाली ने कहा कि डाक विभाग का लक्ष्य बिहार के हर परिवार को डाकघर से जोड़ना और विभाग की योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाना है। उन्होंने बताया कि डाक विभाग बचत खाता, डाक जीवन बीमा, पार्सल सेवा, डिजिटल लेनदेन और आधार सेवाओं के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों तक अपनी पहुंच मजबूत कर रहा है।

उन्होंने कहा कि पिछले वित्तीय वर्ष में बिहार ने खाता खोलने के मामले में पूरे देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जिसके लिए विभाग को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया। सम्मेलन में डाक महाध्यक्ष पवन कुमार सिंह ने भी बिहार डाक परिमंडल की उपलब्धियों की सराहना करते हुए वर्ष 2026-27 में और बेहतर प्रदर्शन का लक्ष्य निर्धारित किया।

सम्मेलन में नालंदा डाक मंडल विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। नालंदा मंडल ने खाता खोलने, डाक जीवन बीमा और सोशल मीडिया कार्यों में पूरे बिहार में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में डिजिटल सेवाओं के विस्तार, ग्रामीण पहुंच और बेहतर ग्राहक सेवा पर विशेष चर्चा की गई।

## शादी के छह दिन बाद युवक की हत्या से गांव में पसरा मातम



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। बिंद थाना क्षेत्र के सदरपुर गांव में 26 वर्षीय युवक राहुल कुमार की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस दर्दनाक घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। सबसे दुखद पहलू यह है कि राहुल की शादी महज छह दिन पहले 20 अप्रैल को हुई थी। शादी की खुशियां अभी खत्म भी नहीं हुई थीं कि नई नवेली दुल्हन का सुहाग उजड़ गया।

मृतक राहुल कुमार, मुकेश प्रसाद के पुत्र थे और गांव में रहकर परिवार का पालन-पोषण करते थे। परिजनों के अनुसार शनिवार रात खाना खाने के बाद राहुल घर पर मौजूद था। इसी दौरान उसके दो दोस्त पहुंचे और मछली मारने के बहाने उसे जीरायन नदी की ओर ले गए। देर रात करीब तीन बजे राहुल के छोटे भाई के मोबाइल पर फोन आया कि राहुल को गोली लग गई है।सूचना मिलते ही परिजन सूर्य मंदिर के पास पहुंचे, जहां राहुल खून से लथपथ पड़ा मिला। आनन-फानन में उसे अस्पताल ले जाने की कोशिश की गई, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है और नई दुल्हन का रो-रोकर बुरा हाल है।

सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष मुरली आजाद पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। एफएसएल टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस के अनुसार प्रारंभिक जांच में मामला पुराने विवाद से जुड़ा प्रतीत हो रहा है। मामले की गहन जांच जारी है।

## रोमांचक फाइनल मुकाबले में भोजपुर को हराकर बेगूसराय अंडर-19 चैंपियन बना





विजय प्रकाश उर्फ पिन्नू

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। बिहार क्रिकेट संघ के घरेलू सत्र 2025-26 बीसीए मेंस अंडर-19 वनडे ट्रॉफी का फाइनल मुकाबला नालंदा जिला क्रिकेट संघ की मेजबानी में खेला गया। रोमांचक मुकाबले में बेगूसराय ने भोजपुर को तीन विकेट से हराकर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया।

फाइनल मैच में भोजपुर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। टीम ने 48.3 ओवर में 169 रन बनाए। भोजपुर की ओर से अर्जुन ने शानदार अर्धशतक लगाते हुए 51 रन बनाए, जबकि आरुष ने 29, रितेश ने 25, मोहित ने 14 और आश्विन ने 12 रन का योगदान दिया।

बेगूसराय की ओर से आशीष कुमार ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए 8.3 ओवर में 28 रन देकर चार विकेट हासिल किए। नितीश ने तीन विकेट लिए, जबकि आयुष, हर्ष और हर्ष शर्मा को एक-एक सफलता मिली।

170 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बेगूसराय की टीम को जीत के लिए कड़ा संघर्ष करना पड़ा। टीम ने 48.4 ओवर में सात विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। बेगूसराय की ओर से आशीष कुमार ने 42, चंदन ने 39 और नितीश ने 20 रन बनाए। वहीं हर्ष शर्मा 13 और हर्ष 14 रन बनाकर नाबाद रहे।भोजपुर के मोहित ने चार विकेट लिए। मैच के मुख्य अतिथि मनोज कुमार सिंह सहित कई खेल पदाधिकारी उपस्थित रहे। शानदार प्रदर्शन के लिए बेगूसराय के आशीष कुमार को मैन ऑफ द मैच चुना गया।


SAI BODHIT PVT. LTD.
बिहारशरीफ़ की नई पहचान
SHRIEJAN HEIGHTS में अपना आशियाना।
SHRIEJAN
HEIGHTS
कल्पना एक सुंदर-समृद्ध भारत की।
LIFESTYLE OF THE WORLD
COMES TO BIHARSHARIF
चोरा बगीचा से केवल 2 मिनट की दुरी पर ..........
APPROVED
RERA
APPROVED
APPROVED
Project Registration Number
BRERAP192001011025250432E00
from ₹4251 TO
₹4551/*sq.ft
60%
Free Area
COMFORT, LUXURY
WELLNESS
Amenities:
. Swimming Pool
· Vastu Compliant Design
. Kids' Play Area
· Volleyball / Badminton Court
. Cricket net pitch
. Landscape & Roof Top Garden
. Temple in Premises
. Highly Secured Society (24x7 security & cctv surveillance)
· 100% Power Backup
. Ample Parking Space & Visitor Car Parking Facility
· EV Reserved Car Parking
Contact Us -
1800 5728 177 (TOLL FREE NUMBER)
9031605004
Site/Office -
सृजन कोल्ड स्टोरेज,
नालंदा टीचर ट्रेनिंग कॉलेज के सामने,
राजगीर रोड, बिहारशरीफ (4-लेन राष्ट्रीय राजमार्ग-82)
Contact us today to book your site visit!

# तेज रफ्तार बाइक की टक्कर में पति पत्नी गंभीर रूप से घायल



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। बिहारशरीफ में तेज रफ्तार बाइक का कहर देखने को मिला, जहां दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने टक्कर में पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों का इलाज बिहारशरीफ सदर अस्पताल में चल रहा है।

घायलों की पहचान सोहसराय थाना क्षेत्र के आशा नगर निवासी दयानंद प्रसाद और उनकी पत्नी सुधा देवी के रूप में हुई है। घायल दयानंद प्रसाद ने बताया कि वह दीपनगर इलाके में खेती का काम समाप्त कर देर रात पत्नी के साथ घर लौट रहे थे। इसी दौरान आशा नगर स्थित लक्ष्मी शोरूम टर्निंग के पास 17 नंबर की ओर से तेज रफ्तार में आ रहे एक नाबालिग बाइक सवार ने उनकी मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में सुधा देवी का हाथ टूट गया, जबकि दयानंद प्रसाद को भी गंभीर चोटें आई हैं। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है।

घायल दंपति ने आरोप लगाया कि घटना की सूचना 112 पुलिस को दी गई थी, लेकिन मौके पर पहुंचने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। दुर्घटना के बाद आरोपी युवक बाइक छोड़कर फरार हो गया।

थानाध्यक्ष मुकेश कुमार मुकेश ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। आवेदन मिलने के बाद बाइक नंबर के आधार पर आरोपी की पहचान कर कार्रवाई की जाएगी।

# शादी समारोह से लौट रही महिला की टोटो हादसे में दर्दनाक मौत



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। बिंद थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में शादी समारोह से लौट रही महिला की मौत हो गई, जबकि तीन लोग घायल हो गए। हादसा टोटो के अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट जाने से हुआ। मृतका की पहचान शेखपुरा जिले के हथियावां पंचायत निवासी झुनिया देवी के रूप में हुई है।

परिजनों के अनुसार झुनिया देवी अपने परिवार के साथ बिंद थाना क्षेत्र के जक्की गांव में एक शादी समारोह में शामिल होने आई थीं। कार्यक्रम से लौटने के दौरान वह अपनी बहन सावित्री देवी, 10 वर्षीय भांजी और अन्य लोगों के साथ टोटो से जा रही थीं। इसी दौरान टोटो अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया।

हादसे में झुनिया देवी, उनकी बहन सावित्री देवी और टोटो चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को पहले बिंद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से बेहतर इलाज के लिए बिहारशरीफ मॉडल अस्पताल रेफर कर दिया गया। अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने झुनिया देवी को मृत घोषित कर दिया।

परिजनों ने आरोप लगाया कि टोटो चालक शराब के नशे में था, जिसकी लापरवाही के कारण यह हादसा हुआ।

वहीं अस्पताल व्यवस्था पर भी सवाल उठे हैं। परिजनों का कहना है कि देर शाम अस्पताल पहुंचने के बावजूद पोस्टमार्टम प्रक्रिया शुरू नहीं हुई और शव घंटों अस्पताल में पड़ा रहा।


थाना प्रभारी ने बताया कि सूचना देर से मिलने के कारण प्रक्रिया में विलंब हुआ।

पुलिस मामले की जांच में जुटी है।









# विधिक जागरूकता शिविर में दिव्यांग बच्चों के अधिकारों पर विशेष जानकारी दी गई



इस्लामपुर (अपना नालंदा)। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार नई दिल्ली, नालंदा जिला विधिक सेवा प्राधिकार एवं अनुमंडलीय विधिक सेवा समिति हिलसा के संयुक्त तत्वावधान में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला जज सह अध्यक्ष गुरविन्दर सिंह मलहोत्रा, सचिव राजेश कुमार गौरव, एडीजे सह अध्यक्ष आलोक कुमार पाण्डेय एवं एसडीजेएम सह सचिव कुमारी सावित्री के संयुक्त निर्देश पर हुआ।

शिविर का संचालन पैनल अधिवक्ता विजय कुमार एवं हिलसा लीगल एड क्लीनिक में प्रतिनियुक्त पीएलवी आलोक कुमार के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम का विषय "नालसा दिव्यांग बच्चों हेतु विधिक सेवा योजना 2021" था।पीएलवी आलोक कुमार ने विधिक सेवा प्राधिकार के गठन एवं उद्देश्यों की जानकारी देते हुए कहा कि इसका मुख्य उद्देश्य गरीब, दिव्यांग, अनुसूचित जाति-जनजाति, महिलाओं एवं बच्चों को निःशुल्क कानूनी सहायता उपलब्ध कराना है। वहीं अधिवक्ता विजय कुमार ने दिव्यांग बच्चों को न्याय, शिक्षा, स्वास्थ्य और सम्मान दिलाने में योजना की भूमिका पर प्रकाश डाला।

उन्होंने बताया कि योजना के तहत दिव्यांग बच्चों को मुफ्त कानूनी सहायता, वकील, कानूनी परामर्श, पुनर्वास एवं संरक्षण सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। कार्यक्रम में विद्यालय की वार्डेन संगीता कुमारी, शिक्षिका कंचन कुमारी, रसोइया नीलम कुमारी सहित सैकड़ों छात्राओं ने भाग लिया।

# रेड क्रॉस स्वास्थ्य शिविर में जरूरतमंदों को निःशुल्क चिकित्सा और परामर्श मिला



अखिलेंद्र कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, जिला शाखा नालंदा द्वारा श्रम कल्याण केंद्र मैदान स्थित विस्तारित भवन में साप्ताहिक स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर का उद्देश्य जरूरतमंद एवं निसहाय लोगों को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना था। शिविर में विभिन्न रोगों की जांच कर मरीजों को विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा चिकित्सा परामर्श दिया गया।

स्वास्थ्य शिविर में कुल 155 लोगों की जांच की गई। शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ श्याम बिहारी ने 40 मरीजों, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ अभिनव कुमार सिंह ने 30 मरीजों तथा फिजिशियन डॉ अखिलेश कुमार एवं डॉ उमेश कुमार सिन्हा ने 70 मरीजों का उपचार किया। वहीं दंत रोग विशेषज्ञ डॉ स्मृति सिन्हा, फिजियोथैरेपिस्ट डॉ मोहम्मद शहजाद आलम तथा होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ गौतम कुमार और डॉ रितेश कुमार ने भी मरीजों की जांच की। इसके अलावा 25 लोगों की मधुमेह जांच भी की गई।

शिविर में रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव राजेश कुमार, कोषाध्यक्ष अरविंद पंडित सहित कई कार्यकारिणी एवं आजीवन सदस्य मौजूद रहे। सदस्यों ने मरीजों के पंजीकरण, कतार प्रबंधन और अन्य व्यवस्थाओं में सक्रिय भूमिका निभाई। लाभार्थियों ने रेड क्रॉस सोसाइटी के इस प्रयास की सराहना करते हुए इसे काफी उपयोगी बताया।






# ऑपरेशन मुस्कान अभियान में पुलिस ने आठ लोगों के खोए मोबाइल लौटाए




आर संतोष भारती

कतरीसराय (अपना नालंदा)। पुलिस द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन मुस्कान अभियान के तहत राजगीर डीएसपी Sunil Kumar Singh के नेतृत्व में आठ लोगों के खोए हुए मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक धारकों को सौंपे गए। मोबाइल वापस मिलने पर लोगों के चेहरे खुशी से खिल उठे और उन्होंने पुलिस प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर थानाध्यक्ष Dharmendra Kumar ने बताया कि सभी मोबाइल धारकों ने पूर्व में स्थानीय थाना में मोबाइल गुम होने की सूचना देते हुए सनहा दर्ज कराया था। इसके बाद पुलिस ने तकनीकी अनुसंधान, मोबाइल ट्रैकिंग और लगातार प्रयास के जरिए सभी मोबाइल फोन बरामद किए। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन मुस्कान अभियान का उद्देश्य लोगों की खोई हुई संपत्ति वापस दिलाना और पुलिस के प्रति आमजन का विश्वास मजबूत करना है।

पुलिस द्वारा आधार कार्ड के माध्यम से पहचान सुनिश्चित करने के बाद प्रशांत कुमार सिंह, धीरेन्द्र कुमार (सैदी), दयानंद पासवान (कटौना), राकेश कुमार (कतरीसराय), आदित्य कुमार (दरवेशपुरा), नवीन कुमार गौतम (शिक्षक), सुमन कुमार (कतरीसराय) तथा ओमकारी को उनके मोबाइल फोन सौंपे गए।मोबाइल वापस पाकर सभी लाभुकों ने पुलिस की कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि उन्हें उम्मीद नहीं थी कि उनका मोबाइल इतनी जल्दी वापस मिल जाएगा। पुलिस अधिकारियों ने आम लोगों से अपील की कि मोबाइल गुम होने या चोरी होने की स्थिति में तुरंत नजदीकी थाना में सूचना दें, ताकि समय रहते कार्रवाई कर मोबाइल बरामद किया जा सके।

# नालंदा एनसीसी शिविर में कैडेटों ने अनुशासन, प्रशिक्षण और प्रतिभा बेहतर दिखाई




संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। राष्ट्रीय कैडेट कोर की 38 बिहार बटालियन द्वारा महाबोधि महाविद्यालय, नालंदा परिसर में आयोजित दस दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के चौथे दिन कैडेटों के लिए प्रशिक्षण, अनुशासन और सामाजिक जागरूकता से जुड़ी कई गतिविधियां आयोजित की गईं। शिविर का संचालन कमांडिंग ऑफिसर कर्नल राजेश बहरी के नेतृत्व में किया जा रहा है। शिविर में बिहार के विभिन्न जिलों से आए 547 कैडेट भाग ले रहे हैं, जिनमें 165 महिला कैडेट भी शामिल हैं।

दिन की शुरुआत योग सत्र से हुई। योग प्रशिक्षकों अनुजा कुमारी, विकास कुमार और वंदना कुमारी ने कैडेटों को योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया। इसके बाद गया से आए सेना भर्ती अधिकारी ने भारतीय सेना में भर्ती प्रक्रिया, आवश्यक योग्यताओं और तैयारी से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने कैडेटों को देशसेवा के लिए प्रेरित भी किया।

प्रशिक्षण सत्र में सूबेदार मेजर ललिंद्र टिंगा के मार्गदर्शन में फायरिंग का व्यावहारिक अभ्यास कराया गया। कैडेटों ने लेटकर, बैठकर, घुटने के बल और खड़े होकर निशानेबाजी का अभ्यास किया। खेल प्रतियोगिताओं में महाबोधि महाविद्यालय के कैडेटों ने सिंडिकेट-दो में जीत हासिल की। पोस्टर निर्माण, लेखन प्रतियोगिता और ड्रिल परीक्षा का भी आयोजन हुआ।

संध्याकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम में गीत, नृत्य, कविता और नाटक प्रस्तुत किए गए। शिविर में व्हेनसॉन्ग मेमोरियल हॉल, कुंडलपुर मंदिर और नालंदा संग्रहालय का भ्रमण भी कराया गया। अधिकारियों और प्रशिक्षकों की देखरेख में सभी गतिविधियां सफलतापूर्वक संचालित हुईं।






## जहानाबाद प्रेस वार्ता में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर भाजपा ने रखे विचार



अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)। अनामिका सिंह पटेल ने जहानाबाद में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि "नारी शक्ति वंदन अधिनियम" केवल एक कानून नहीं, बल्कि करोड़ों महिलाओं के सपनों को नई उड़ान देने वाला ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और महागठबंधन ने इसे कुछ समय के लिए रोकने का प्रयास किया, लेकिन महिलाओं के अधिकार और सशक्तिकरण की इस पहल को कोई नहीं रोक सकता।

प्रेस वार्ता के दौरान पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने पप्पू यादव की टिप्पणी को अमानवीय और असंवैधानिक बताया। उन्होंने कहा कि महिलाओं के सम्मान और अधिकारों से जुड़े मुद्दों पर संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ बयान दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार महिलाओं को राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए लगातार कार्य कर रही है तथा नारी शक्ति वंदन अधिनियम इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।इस अवसर पर भाजपा के जिलाध्यक्ष सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। प्रेस कॉन्फ्रेंस में महिलाओं की भागीदारी और राजनीतिक सशक्तिकरण को लेकर भी विस्तार से चर्चा की गई।

## जहानाबाद प्रशासन ने कहा, जिले में एलपीजी गैस आपूर्ति पूरी तरह सामान्य



अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में एलपीजी गैस की आपूर्ति पूरी तरह पर्याप्त और सुचारू रूप से जारी है। जिला आपूर्ति पदाधिकारी एवं अनुमंडल पदाधिकारी, जहानाबाद ने गैस वितरक एजेंसियों तथा सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों के साथ वितरण व्यवस्था की समीक्षा कर स्थिति का जायजा लिया।

अधिकारियों ने बताया कि उपभोक्ताओं को नियमित रूप से होम डिलीवरी के माध्यम से गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया जा रहा है और किसी प्रकार की कमी नहीं है। प्रशासन ने आम लोगों से अपील की है कि वे गैस आपूर्ति को लेकर फैल रही अफवाहों पर ध्यान न दें और अनावश्यक रूप से गैस की जमाखोरी न करें।जिला प्रशासन ने कहा कि गैस वितरण व्यवस्था पर लगातार निगरानी रखी जा रही है ताकि सभी उपभोक्ताओं को समय पर एलपीजी उपलब्ध हो सके। साथ ही गैस आपूर्ति से संबंधित शिकायतों के समाधान के लिए जिला नियंत्रण कक्ष चौबीसों घंटे कार्यरत है।

प्रशासन द्वारा जारी दूरभाष संख्या 06114-223013 पर उपभोक्ता अपनी शिकायत या समस्या दर्ज करा सकते हैं। अधिकारियों ने कहा कि प्राप्त शिकायतों का त्वरित निराकरण किया जा रहा है, जिससे उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

जिला प्रशासन ने लोगों से सहयोग बनाए रखने और शांति एवं संयम के साथ आवश्यक सेवाओं का उपयोग करने की अपील की है।






संपादकीय

जे पी चौधरी



# आप में राज्यसभा बगावत से बढ़ा संकट, पंजाब राजनीति पर गहरा असर

राज्यसभा के सात सांसदों द्वारा आम आदमी पार्टी का साथ छोड़ने से पार्टी का संकट गहराता नजर आ रहा है। बगावती तेवरों वाले तीन राज्यसभा सदस्यों राघव चड्ढा, संदीप पाठक और अशोक मित्तल ने पार्टी में विभाजन की घोषणा करते हुए कहा है कि उच्च सदन में आप के दो-तिहाई सांसद यानी दस में सात सदस्यों ने एक गुट के रूप में भारतीय जनता पार्टी में विलय करने का निर्णय कर लिया है। हाल के महीनों में खासे मुखर रहने वाले राघव चड्ढा को राज्यसभा में आप के उपनेता पद से हटाये जाने के बाद उनके द्वारा शीर्ष नेतृत्व के खिलाफ मोर्चा खोलने के बाद तो विभाजन के संकेत मिलने शुरू हो गए थे। विडंबना यह है कि राज्यसभा में राघव चड्ढा के स्थान पर आप के उप नेता की जगह लेने वाले अशोक मित्तल ने भी उनका ही साथ दिया है। इसमें दो राय नहीं कि बीते साल दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा के हाथों मिली करारी हार के बाद आम आदमी पार्टी के लिये यह सबसे बड़ा झटका माना जा रहा है। एक समय था कि राघव चड्ढा को आम आदमी पार्टी में नई पीढ़ी का ऊर्जावान प्रतीक चेहरा माना जाता रहा है। अब वे ही आप नेतृत्व पर पार्टी के मूलभूत आदर्शों से पीछे हटने का आरोप लगा रहे हैं। राघव व पार्टी के अन्य बागी सांसदों ने आरोप लगाया है कि आम आदमी पार्टी जनसरोकारों को प्राथमिकता देने के बजाय निजी लाभ को तरजीह दे रही है। उनके निशाने पर आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ही हैं। जिन्हें पंजाब में मान सरकार की बागडोर दिल्ली से संचालित करने वाला माना जाता रहा है। जैसा कि आपेक्षित था, आबकारी नीति मामले में मुश्किल में फंसे औरअदालती लड़ाई लड़ रहे केजरीवाल ने इन सांसदों पर विश्वास तोड़ने और पंजाब की जनता से छल करने का आरोप लगाया है।

केजरीवाल ने आप से अलग होने वाले सांसदों पर पंजाब के लोगों के साथ विश्वासघात करने वाला बताया है। वहीं दूसरी ओर भाजपा भी केजरीवाल के निशाने पर है, जिस पर उन्होंने सुनियोजित साजिश करके आम आदमी पार्टी को कमजोर करने का आरोप लगाया है। वास्तव में भाजपा सीमावर्ती राज्य पंजाब में विधानसभा चुनाव को लेकर अपनी जड़ें मजबूत करने की कवायद में जुटी है। आप के दो तिहाई सांसदों का टूटकर भाजपा में मिलना आम आदमी पार्टी के लिये बड़ी चुनौती है। जिसके चलते पंजाब में अपनी खोई जमीन पाने के लिये पार्टी को एकजुट करके आगे बढ़ने की बड़ी चुनौती सामने खड़ी है। इस बात से भी इनकार नहीं किया जा सकता है कि आप के कुछ और नेता आगामी दिनों में भाजपा का दामन थाम लें। लेकिन यहां सवाल आप सुप्रीमो पर उठ रहे हैं कि क्या उन्होंने इन नेताओं को राज्यसभा का टिकट देते वक्त पार्टी की रीति-नीतियों की कसौटी पर परखा था या फिर पार्टी की आर्थिक प्राथमिकताओं को ही उनकी योग्यता मान लिया गया था। जाहिर है ये लोग सार्वजनिक जीवन में बहुत चर्चित चेहरे होने के बजाय आर्थिक रूप से समृद्ध लोग रहे हैं।

# नूरसराय पुलिस ने तीन महिला पॉकेटमारों को गिरफ्तार कर जेल भेजा

नूरसराय (अपना नालंदा)। नूरसराय थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए रसलपुर मोड़ के समीप से तीन महिला पॉकेटमारों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार महिलाओं के पास से चोरी किए गए जेवर, नगदी, मोबाइल फोन तथा ब्लेड बरामद किए गए हैं।

थाना प्रभारी अरविंद कुमार ने बताया कि थरथरी थाना क्षेत्र के नत्थू बिगहा निवासी टुनटुन यादव की पत्नी मीणा कुमारी ने शनिवार को थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में उन्होंने बताया कि वह ऑटो से अपने घर जा रही थीं। इसी दौरान दहपर के पास तीन महिलाएं ऑटो में सवार हुईं और रसलपुर मोड़ के पास उतर गईं। कुछ दूरी आगे बढ़ने पर मीणा कुमारी को पता चला कि उनके गले से सोने का जितिया, बच्चे के हाथ का बाला तथा बैग में रखा नगद रुपया गायब है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस सक्रिय हुई और तत्काल छापेमारी कर रसलपुर मोड़ के समीप से तीनों संदिग्ध महिलाओं को गिरफ्तार कर लिया।

तलाशी के दौरान पुलिस ने तीन टूटा हुआ ब्लेड, सोने का जितिया, बच्चे का बाला, नगदी और दो मोबाइल फोन बरामद किए। गिरफ्तार महिलाओं की पहचान बिहारशरीफ के टिकुलिया बिगहा निवासी टुकीया देवी, सुरटी देवी और प्रियंका देवी के रूप में हुई है।पुलिस ने सभी आरोपित महिलाओं के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।




# अतिपिछड़ों की भागीदारी बिना ओबीसी एकता अधूरी और कमजोर साबित होगी हमेशा

आलेखः-
अशोक कुमार, अधिवक्ता
पटना उच्च न्यायालय, पटना



सामाजिक न्याय और हिस्सेदारी की राजनीति आज देश की सबसे महत्वपूर्ण बहसों में शामिल हो चुकी है। विशेषकर बिहार जैसे राज्यों में पिछड़ा, अतिपिछड़ा, दलित, आदिवासी और अल्पसंख्यक समाज अपने अधिकारों और राजनीतिक भागीदारी को लेकर लगातार आवाज उठा रहे हैं। ऐसे समय में ओबीसी एकता की बात जोर-शोर से की जा रही है, लेकिन यह भी उतना ही महत्वपूर्ण सवाल है कि क्या अतिपिछड़ा वर्ग की भागीदारी और उनके मुद्दों को नजरअंदाज करके वास्तविक ओबीसी एकता संभव है? वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए इसका उत्तर स्पष्ट रूप से 'नहीं' में दिखाई देता है।

समाज के विकास में हर वर्ग का योगदान रहता है। राजनीतिक परिस्थितियों और सामाजिक संघर्षों के कारण समय-समय पर कुछ मुद्दे प्रमुख बन जाते हैं और कुछ पीछे छूट जाते हैं। आज सामाजिक न्याय, सामाजिक हिस्सेदारी और जातीय जनगणना का मुद्दा प्रमुख रूप से उभरकर सामने आया है। कई राजनीतिक दल और सामाजिक संगठन ओबीसी एकता की बात कर रहे हैं, लेकिन वे अक्सर अतिपिछड़ों के सवालों को उतनी मजबूती से नहीं उठाते जितनी जरूरत है। यही कारण है कि सामाजिक न्याय की राजनीति अधूरी प्रतीत होती है।

बिहार में पिछड़ा और अतिपिछड़ा वर्ग के बीच लंबे समय से सामाजिक और राजनीतिक अंतर मौजूद है। दोनों वर्गों के अनुभव, समस्याएं और राजनीतिक प्राथमिकताएं अलग-अलग रही हैं। पिछड़ा वर्ग जहां राजनीतिक रूप से अपेक्षाकृत मजबूत हुआ है, वहीं अतिपिछड़ा वर्ग अब भी अपनी हिस्सेदारी और पहचान के लिए संघर्ष कर रहा है। इसलिए केवल ओबीसी शब्द का इस्तेमाल कर एकता की बात करना पर्याप्त नहीं है। जब तक अतिपिछड़ों के शिक्षा, रोजगार, राजनीतिक प्रतिनिधित्व और सामाजिक सम्मान से जुड़े मुद्दों को स्पष्ट रूप से नहीं उठाया जाएगा, तब तक व्यापक सामाजिक एकता संभव नहीं हो सकती।

आज देशभर में कुछ बुद्धिजीवी और सामाजिक कार्यकर्ता ओबीसी समाज को संगठित करने का प्रयास कर रहे हैं। प्रोफेसर लक्ष्मण यादव और प्रोफेसर रतन लाल जैसे लोग पिछड़ों के सवालों को राष्ट्रीय स्तर पर उठाते रहे हैं। उनका प्रयास महत्वपूर्ण है, लेकिन सवाल यह भी है कि क्या उनकी राजनीति में अतिपिछड़ों, दलितों, महिलाओं और अल्पसंख्यकों के मुद्दों को समान महत्व मिल रहा है? यदि सामाजिक न्याय केवल एक सीमित वर्ग की राजनीतिक हिस्सेदारी तक सीमित रह जाए, तो वह व्यापक लोकतांत्रिक आंदोलन का रूप नहीं ले सकता।

बिहार की राजनीति में यह स्पष्ट दिखाई देता है कि पिछड़ा और अतिपिछड़ा समाज पूरी तरह एक राजनीतिक धारा में नहीं है। राष्ट्रीयजनता दल को पिछड़ों के बड़े वर्ग का समर्थन मिलता रहा है, लेकिन अतिपिछड़ों का बड़ा हिस्सा उससे दूरी बनाए हुए है। दूसरी ओर कांग्रेस राष्ट्रीय स्तर पर ओबीसी मुद्दों को उठाती है, लेकिन उसका संगठनात्मक ढांचा इस विषय पर उतना सक्रिय दिखाई नहीं देता। ऐसे में सामाजिक न्याय की राजनीति केवल नारों तक सीमित होकर रह जाती है।

वामपंथी दल भी सामाजिक न्याय और लोकतांत्रिक अधिकारों की बात करते हैं, लेकिन वे भी व्यापक संयुक्त लोकतांत्रिक आंदोलन खड़ा करने में अभी तक सफल नहीं हो सके हैं। सीपीआई, सीपीएम और सीपीआई-एमएल जैसे दल जनसरोकारों से जुड़े मुद्दों को समझते हैं, लेकिन उनकी राजनीति अक्सर अलग-अलग सीमाओं में बंटी दिखाई देती है। यदि ये दल साझा मंच बनाकर संविधान, लोकतंत्र, धर्मनिरपेक्षता और सामाजिक न्याय के मुद्दों पर व्यापक आंदोलन खड़ा करें, तो देश में एक नई राजनीतिक दिशा विकसित हो सकती है।

वर्तमान समय में जरूरत एक ऐसे समावेशी लोकतांत्रिक मंच की है, जो केवल ओबीसी राजनीति तक सीमित न रहे, बल्कि दलितों, आदिवासियों, अतिपिछड़ों, महिलाओं और अल्पसंख्यकों के अधिकारों को भी समान प्राथमिकता दे। लोकतंत्र तभी मजबूत होगा जब समाज के हर कमजोर वर्ग को बराबरी की हिस्सेदारी मिलेगी। सामाजिक न्याय का अर्थ केवल प्रतिनिधित्व नहीं, बल्कि सम्मान, अवसर और निर्णय प्रक्रिया में भागीदारी भी है।

अतिपिछड़ा वर्ग आज भी शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और राजनीतिक प्रतिनिधित्व के क्षेत्र में कई चुनौतियों का सामना कर रहा है। इसलिए यदि कोई भी राजनीतिक या सामाजिक आंदोलन वास्तविक परिवर्तन चाहता है, तो उसे अतिपिछड़ों के सवालों को केंद्र में रखना होगा। केवल चुनावी राजनीति के लिए एकता की बात करना पर्याप्त नहीं होगा। जरूरत ऐसी राजनीति की है जो सामाजिक समानता और न्याय को व्यवहारिक रूप में लागू करने की दिशा में काम करे।

देश में लोकतांत्रिक अधिकारों और सामाजिक न्याय की लड़ाई को मजबूत करने के लिए सभी प्रगतिशील ताकतों को एकजुट होना होगा। जब तक सामाजिक रूप से कमजोर वर्गों को न्यायपूर्ण हिस्सेदारी नहीं मिलेगी, तब तक लोकतंत्र अधूरा रहेगा। इसलिए ओबीसी एकता की बात तभी सार्थक होगी, जब उसमें अतिपिछड़ों की भागीदारी, सम्मान और नेतृत्व को समान महत्व दिया जाएगा।

## नीति आयोग ने योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर दिए महत्वपूर्ण निर्देश




पटना (अपना नालंदा)। बोधगया में बीटीएमसी सभागार में नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन के. बेरी की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य नीति आयोग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा करना तथा उनके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश देना था।

बैठक में आकांक्षी जिला कार्यक्रम के अंतर्गत चल रहे कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। इस दौरान स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षा, कृषि एवं जल संसाधन, वित्तीय समावेशन एवं कौशल विकास तथा मूलभूत अवसंरचना जैसे पांच प्रमुख क्षेत्रों में हो रही प्रगति पर चर्चा हुई। अधिकारियों ने संबंधित योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति एवं उपलब्धियों की जानकारी प्रस्तुत की।

इसके साथ ही संपूर्णता अभियान-2.0 के तहत आकांक्षी जिला एवं आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रमों की समीक्षा भी की गई। अभियान का उद्देश्य निर्धारित संकेतकों में शत-प्रतिशत संतृप्ति हासिल कर जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है।बैठक में नीति आयोग के वित्तीय सहयोग से पूर्ण हो चुकी एवं वर्तमान में संचालित योजनाओं की स्थिति पर विस्तार से चर्चा हुई। अधिकारियों ने 49 प्रमुख संकेतकों की उपलब्धियों एवं प्रगति का विश्लेषण भी प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर जिला पदाधिकारी गया शशांक शुभंकर, एडीएम मो. शफीक, जिला योजना पदाधिकारी अभय कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी दीपक चंद्र देव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक से क्षेत्रीय विकास योजनाओं को नई गति मिलने की उम्मीद जताई गई।

## प्रत्येक देशवासी को नए संकल्प के साथ आगे बढ़ने की दिशा दिखाता है 'मन की बात' कार्यक्रम: संजय सरावगी



पटना (अपना नालंदा)। बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने बांकीपुर विधानसभा क्षेत्र के गोलघर मंडल स्थित बिहार इंडस्ट्रीज एसोसिएशन सभागार में आम लोगों और कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात का 133वां एपिसोड सुना। इस अवसर पर पूर्व उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा भी मौजूद रहे।

कार्यक्रम सुनने के बाद संजय सरावगी ने कहा कि प्रधानमंत्री का यह संवाद देशवासियों में राष्ट्रप्रेम, कर्तव्यबोध और सकारात्मक सोच को मजबूत करता है। उन्होंने कहा कि 'मन की बात' प्रत्येक नागरिक को नए संकल्प के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है, इसलिए इसकी लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है।

उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में गणित ओलंपियाड में छात्राओं की उपलब्धियों की चर्चा कर उनका उत्साहवर्धन किया। साथ ही उत्तर-पूर्व भारत में बांस आधारित उद्योगों और महिलाओं के सशक्तिकरण पर भी विशेष जोर दिया। प्रधानमंत्री ने उत्तर-पूर्व को 'अष्टलक्ष्मी' बताते हुए वहां रोजगार और नवाचार की संभावनाओं को रेखांकित किया।संजय सरावगी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने नवीकरणीय ऊर्जा, सिविल न्यूक्लियर कार्यक्रम, पर्यावरण संरक्षण और जनगणना 2027 को सफल बनाने की अपील भी की। कार्यक्रम में सांसद शिवेश राम, पूर्व उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद, पूर्व मंत्री प्रमोद चंद्रवंशी सहित भाजपा के कई नेता, कार्यकर्ता और आम लोग उपस्थित रहे।









# भामाशाह जयंती समारोह में जदयू नेताओं ने सुशासन और राष्ट्रभक्ति का संदेश दिया



पटना (अपना नालंदा)। जनता दल (यू) के प्रदेश कार्यालय पटना में व्यवसायिक एवं उद्योग प्रकोष्ठ द्वारा दानवीर एवं शूरवीर भामाशाह की जयंती धूमधाम से मनाई गई। समारोह में जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार , निशांत कुमार, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, बिजेंद्र प्रसाद यादव तथा जदयू विधायक दल के नेता श्रवण कुमार सहित बड़ी संख्या में नेता, पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधान पार्षद सह कोषाध्यक्ष ललन कुमार सर्राफ ने की, जबकि मंच संचालन चंदन कुमार सिंह ने किया।

कार्यक्रम में मुख्य सचेतक संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व सांसद चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी, राष्ट्रीय महासचिव अशोक चौधरी, राष्ट्रीय प्रवक्ता सह सचिव राजीव रंजन प्रसाद, श्रीमती लेसी सिंह, रत्नेश सदा, श्रीमती शीला मंडल, महेश्वर हजारी, संजय सिंह, हरिनारायण साह, दुलाल चंद गोस्वामी, विधायक श्रीमती श्वेता गुप्ता, विशाल साह, श्रीमती सोनम सरदार, विधान पार्षद खालिद अनवर, प्रो. नवीन आर्य चंद्रवंशी, डॉ. अमरदीप, प्रो. अप्सरा, अरविंद निराला, साबिर अली, गुँजेश्वर साह तथा व्यवसायिक एवं उद्योग प्रकोष्ठ के धनजी प्रसाद, वासुदेव कुशवाहा, कमल नोपानी, श्रीमती कंचन गुप्ता, अनंत कुमार गुप्ता, आनंद कुमार, डॉ. धर्मेंद्र चंद्रवंशी, राहुल खंडेलवाल, गणेश साव, सरदार कमलजीत सिंह, रामनरेशराम, नगीना चौरसिया और सुजीत पाठक सहित प्रदेशभर से आए कार्यकर्ता उपस्थित रहे। समारोह के दौरान सभी अतिथियों एवं कार्यकर्ताओं ने भामाशाह के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा उनके त्याग, समर्पण और राष्ट्रभक्ति के आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया। अपने संबोधन में निशांत कुमार ने कहा कि जब भी दानवीरता और राष्ट्रभक्ति की चर्चा होती है, भामाशाह का नाम अत्यंत सम्मान के साथ लिया जाता है। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप के संघर्षकाल में भामाशाह ने अपनी पूरी संपत्ति दान कर मातृभूमि रक्षा का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया था।

श्रवण कुमार ने कहा कि भामाशाह के आदर्श विकसित राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा देते हैं। उनके विचारों को आत्मसात कर समाज और राष्ट्रहित में समर्पित भाव से कार्य करना सभी का दायित्व है। वहीं ललन कुमार सर्राफ ने कहा कि भामाशाह के आदर्शों पर चलकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार में व्यवसायिक वर्ग के सम्मान और सुरक्षा को मजबूत किया है। उन्होंने कहा कि सुशासन की नीति के कारण आज व्यवसायिक वर्ग स्वयं को सुरक्षित और सम्मानित महसूस कर रहा है तथा बिना भय के व्यापार कर रहा है।

संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी ने कहा कि आज पूरे प्रदेश में भामाशाह जयंती राजकीय समारोह के रूप में मनाई जा रही है, जो मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की देन है। श्रीमती लेसी सिंह ने कहा कि भामाशाह ने राष्ट्रधर्म निभाते हुए अपनी पूरी संपत्ति दान कर समाज के लिए आदर्श स्थापित किया। वहीं रत्नेश सदा ने कहा कि भामाशाह का योगदान इतिहास के स्वर्णिम अक्षरों में अंकित है और उनका जीवन सभी के लिए प्रेरणास्रोत है।




# बाबा बख्तौर पूजनोत्सव संपन्न, 51 मन हुमाद से हुआ भव्य हवन, हजारों श्रद्धालुओं के बीच बंटा प्रसाद



हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)।हरनौत बाजार के सबनहुआडीह स्थित बाबा बख्तौर मंदिर परिसर में आयोजित वार्षिक पूजनोत्सव श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ संपन्न हो गया।इस दौरान सीनियर आईपीएस विकास वैभव, मिसी गांव के सेवानिवृत्त आईपीएस डॉ इंद्रदेव कुमार, बक्सर जिले के डुमरांव निवासी पूर्व विधायक पहलवान समेत अन्य ने मंदिर में पुजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों के लिए मन्नत मांगी।

वैशाख शुक्ल पक्ष में आयोजित इस परंपरागत आयोजन में इस वर्ष भी हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। शनिवार शाम को भव्य तरिके से विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम चला। जिसमें बाबा बख्तौर, माता गहेल, खिरहर बसावन, नटवा प्राण सिंह और बांगुर बाबा सहित अन्य देवी-देवताओं का बुलावा हुआ। रात्रि में जागरण का आयोजन भी हुआ, जिसमें भक्तगण भक्ति संगीत और कीर्तन में लीन रहे। रविवार को पूजा में नालंदा, नवादा, शेखपुरा, पटना और लखीसराय सहित कई जिलों से लगभग 20 से 25 हजार श्रद्धालु पहुंचे। दोपहर से देर शाम तक चले अनुष्ठान में 51 मन हुमाद से भव्य हवन किया गया। लोगों ने हवन कुंड में हुमाद से आहुति दी।पूजनोत्सव में शामिल सभी भक्तों को प्रसाद के रूप में करीब 70 से 75 मन चावल और कई टीना से मीठा से बना रसिया वितरित किया गया। महिलाएं अपने आंचल पसार कर भगतों से आशीर्वाद लेती दिखीं। भक्तों ने मनौती पूरी होने की बात कहकर बाबा के प्रति अपनी आस्था जताई।

इसमें मुनरिक भगत, अवधेश भगत,
महिंद्र भगत,रामबाबू भगत, सौरभ भगत, बोधी भगत ,साको भगत और नवादा के महेंद्र भगत और बख्तियारपुर के मानर में लोग शामिल थे। वहीं मुनारिक भगत ने बताया कि यह पूजा यादव समुदाय की पारंपरिक आस्था से जुड़ी है, जो वर्ष 1995 से बड़े पैमाने पर आयोजित हो रही है। इस अवसर पर मुनरिक भगत, साको भगत सहित लगभग दो दर्जन भगतों की उपस्थिति रही। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, बाबा बख्तौर का जन्म माता कोयला के गर्भ से हुआ था, जब पृथ्वी पर राजा दलेल सिंह और राक्षसी शक्तियों का अत्याचार चरम पर था। उन्होंने ने कहा वनबेरिया क्षेत्र को अत्याचार से मुक्त कर 52 कोस क्षेत्र में शांति स्थापित की थी। अपने मामा बदन सिंह और राजा दलेल की साजिश के तहत वीरगति प्राप्त करने वाले बाबा बख्तौर ने जीवन पर्यंत पीड़ितों की रक्षा और अन्याय के खिलाफ संघर्ष किया।

मौके संजय कुमार यादव, शिक्षक प्रकाश भारती,दुललो कुमार,रविंदर,जतन,उदय समेत अन्य मौजूद थे।



# बंगाल निर्णायक मोड़ पर, बचाने का यही सही समय : जी. किशन रेड्डी




पटना (अपना नालंदा)। जी. किशन रेड्डी की पहल पर कोलकाता में शहर के बौद्धिक वर्ग के साथ एक महत्वपूर्ण संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षाविदों, पेशेवरों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और प्रबुद्ध नागरिकों ने भाग लेकर बंगाल की वर्तमान स्थिति और भविष्य पर विस्तृत चर्चा की। इस दौरान "बचाओ बंगाल" की आवाज भी प्रमुखता से उठी।

बैठक में नारायण चक्रवर्ती, जिष्णु बोस सहित कई प्रतिष्ठित व्यक्तित्व मौजूद रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य केवल राजनीतिक विमर्श नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी के तहत राज्य के भविष्य को लेकर जागरूक नागरिकों को एक मंच पर लाना था।

अपने संबोधन में केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी ने कहा कि वे किसी राजनीतिक दल के प्रतिनिधि के रूप में नहीं, बल्कि एक चिंतित नागरिक के रूप में उपस्थित हैं। उन्होंने कहा कि बंगाल बेहतर भविष्य का हकदार है और उसके पुनर्निर्माण के लिए जनभागीदारी जरूरी है। उन्होंने राज्य में हो रहे जनसांख्यिकीय बदलावों और तुष्टीकरण की राजनीति पर भी चिंता व्यक्त की।

संवाद के दौरान बंगाल के ऐतिहासिक गौरव, शिक्षा, उद्योग और सांस्कृतिक नेतृत्व की चर्चा करते हुए वर्तमान चुनौतियों पर भी विचार किया गया। औद्योगिक ठहराव, पूंजी पलायन और रोजगार की कमी को गंभीर मुद्दा बताया गया।बैठक में शहरी मतदाताओं से सक्रिय भूमिका निभाने, जागरूक होकर सवाल पूछने और सोच-समझकर मतदान करने की अपील की गई। कार्यक्रम में शिक्षा सुधार, उद्योगों के पुनर्जीवन और सुशासन को मजबूत करने पर भी जोर दिया गया।

# संजय सरावगी ने भामाशाह जयंती पर राष्ट्रसेवा और कर्तव्यनिष्ठा का संदेश दिया

पटना (अपना नालंदा)। बिहार भाजपा पंचायती राज प्रकोष्ठ की ओर से दानवीर शूरवीर भामाशाह की जयंती पर पटना स्थित बिहार इंडस्ट्रीज एसोसिएशन सभागार में समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने भामाशाह की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

समारोह को संबोधित करते हुए संजय सरावगी ने कहा कि भामाशाह ने राष्ट्र रक्षा के लिए अपनी पूरी संपत्ति समर्पित कर दी थी। उनका त्याग और राष्ट्रभक्ति आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि भामाशाह के आदर्शों पर चलकर समाज और राष्ट्र की सेवा करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में समाज को ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और सेवा भाव की सबसे अधिक आवश्यकता है। उन्होंने लोगों से सामाजिक और राष्ट्रीय दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने की अपील की। साथ ही ऐसे आयोजनों को नई पीढ़ी तक महापुरुषों के विचार पहुंचाने का माध्यम बताया।

कार्यक्रम में पूर्व उपमुख्यमंत्री विजय कुमार



सिन्हा, तारकिशोर प्रसाद, सांसद शिवेश कुमार, पूर्व मंत्री प्रमोद कुमार चंद्रवंशी, रामकृपाल यादव, विधायक संजीव चौरसिया सहित कई जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

इससे पूर्व संजय सरावगी ने पुनाईचक स्थित भामाशाह पार्क में उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

# लापरवाह बाइक सवार की टक्कर से पांच वर्षीय मासूम बच्चे की दर्दनाक मौत

हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)। हरनौत थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार बाइक की चपेट में आने से पांच वर्षीय मासूम बच्चे की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में शोक और आक्रोश का माहौल है। पुलिस ने आरोपी बाइक सवार को हिरासत में लेकर यातायात थाना को सौंप दिया है।

थानाध्यक्ष मुकेश कुमार वर्मा ने बताया कि हरनौत बाजार स्थित अंबेडकर नगर निवासी कौशल कुमार अपने परिवार के साथ रुपसपुर के निकट मंगलम मैरेज हॉल में आयोजित शादी समारोह में शामिल होने गए थे। इसी दौरान बिहारशरीफ की ओर से तेज रफ्तार में आ रहे बाइक सवार ने उनके पांच वर्षीय पुत्र अमन को जोरदार टक्कर मार दी।

हादसे में अमन गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन-फानन में परिजन उसे इलाज के लिए अस्पताल ले गए, लेकिन उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना शनिवार रात की बताई जा रही है।

मासूम बच्चे की मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया है। मोहल्ले में मातम पसरा हुआ है और लोगों ने घटना पर दुख जताया है। पुलिस ने आरोपी बाइक चालक को हिरासत में लेकर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और आवश्यक प्रक्रिया पूरी की जा रही है।

# थरथरी पुलिस ने शराब चुलाई मामले के फरार अभियुक्त को गिरफ्तार किया

थरथरी (अपना नालंदा)। थरथरी थाना क्षेत्र के अतबलचक गांव निवासी गुड्डू यादव को पुलिस ने अवैध शराब चुलाई एवं बिक्री मामले में गिरफ्तार कर लिया। वह लंबे समय से फरार चल रहा था और पुलिस उसकी तलाश में लगातार छापेमारी कर रही थी।

थानाध्यक्ष साजिद अख्तर ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए अभियुक्त को दबोच लिया। गुड्डू यादव शराब चुलाई और अवैध बिक्री से जुड़े मामले में नामजद आरोपी था तथा काफी दिनों से पुलिस को चकमा देकर फरार था।

गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए उसे न्यायालय में प्रस्तुत करने की तैयारी शुरू कर दी। इसके बाद आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजा जाएगा।

पुलिस की इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में अवैध शराब कारोबारियों के बीच हड़कंप मच गया है। थानाध्यक्ष ने कहा कि अवैध शराब कारोबार के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और इसमें संलिप्त लोगों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# सूर्य मंदिर तालाब में युवक का शव मिलने से इलाके में मचा हड़कंप

हिलसा (अपना नालंदा)। शहर के सूर्य मंदिर तालाब में रविवार की अहले सुबह एक अज्ञात युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोगों की भारी भीड़ मौके पर जुट गई। प्रारंभिक आशंका जताई जा रही है कि युवक की मौत पानी में डूबने से हुई है।

जानकारी के अनुसार सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकले लोगों ने तालाब के पश्चिमी छोर पर पानी में शव तैरता देखा। इसके बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मृत युवक मानसिक रूप से अस्वस्थ प्रतीत होता था और पिछले दो-तीन दिनों से इलाके में लावारिस हालत में घूमते देखा गया था।

सूचना मिलते ही हिलसा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पानी से बाहर निकाला। प्रभारी थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला डूबने से मौत का प्रतीत हो रहा है। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा।

पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान अब तक नहीं हो पाई है। पहचान सुनिश्चित करने के लिए आसपास के थानों से संपर्क किया जा रहा है तथा सोशल मीडिया का भी सहारा लिया जा रहा है।फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल में सुरक्षित रखा गया है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

# हत्या प्रयास मामले में फरार आरोपियों के घर पुलिस ने इश्तेहार चिपकाया

गिरियक (अपना नालंदा)। हत्या के प्रयास मामले में लंबे समय से फरार चल रहे दो आरोपियों के खिलाफ पावापुरी थाना पुलिस ने सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के घरों पर इश्तेहार चिपकाया और जल्द आत्मसमर्पण करने की चेतावनी दी।

पुलिस के अनुसार गिरियक (पावापुरी) थाना कांड संख्या-197/25 में घोसरावां गांव निवासी पप्पू यादव, पिता कैलू यादव, एवं मोहन यादव, पिता बैजनाथ यादव, को नामजद अभियुक्त बनाया गया है। दोनों पर हत्या के प्रयास का आरोप है और घटना के बाद से वे लगातार फरार चल रहे हैं।थानाध्यक्ष गौरव कुमार सिंह ने बताया कि दोनों आरोपियों के विरुद्ध पूर्व में ही माननीय न्यायालय से गैर-जमानती वारंट जारी किया गया था। इसके बावजूद आरोपी गिरफ्तारी से बचते रहे। न्यायालय के निर्देश के अनुपालन में पुलिस ने विधिवत दोनों के घरों पर इश्तेहार की तामिला कराई है।


Kalope
HOMES
Now in
BIHAR SHARIF
PREMIUM MODULAR KITCHEN
@ ₹99,999 में.
Upgrade Your Home with Luxurious uPVC Kitchen
ZERO
WOOD
TECHNOLOGY
No Wood
100%
Waterproof
uPVC
Termite
Proof
Low
Maintenance
10
YEAR
WARRANTY
LIMITED OFFER FOR FIRST 20 CUSTOMERS ONLY
BOOK FREE SITE VISIT »
+91 74887 06578
*T&C Apply | Limited Offer